महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रेन से गिरकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

न्याय साक्षी/रायगढ़। भूपदेवपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिर कर अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई. हालांकि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है. पुलिस को जांच के दौरान मृतक की जेब से बाराद्वार से खरसिया तक का टिकट बरामद हुआ है. मृतक की उम्र 65 साल के आसपास बताई गई है. यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह किस ट्रेन से नीचे गिरा था. फिलहाल मृतक के शव को पीएम के लिए रायगढ़ भेजा गया है.

आग बुझाने के दौरान महिला झुलसी

न्याय साक्षी/रायगढ़। धर्मजयगढ़ थाना के ग्राम तेंदुमुडा में आगजनी की घटना हुई है, जिसमें एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई है. राईनो 112 आरक्षक जितेंद्र भगत घटनास्थल के लिए रवाना हुआ था. जानकारी के अनुसार गर्म राख को खेत में फेंकने के दोरान वह उड़कर पास में रखे पैरा चली गई. राख गर्म होने के कारण सूखे पैरा में तेजी से आग लग गई. जिसे बुझाने की कोशिश में देव कुंवर पति जयसिंह कुंवर आग से झुलस गई, आहिता को धरमजयगढ़ चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया है.

युवती को फेसबुक पर अश्लील फोटो भेजा, युवक के खिलाफ अपराध दर्ज

न्याय साक्षी/रायगढ़। समस्तीपुर बिहार का युवक पुसौर थाना क्षेत्र की एक युवती को फेसबुक व वाट्सप पर अश्लील फोटो-वीडियो भेज तथा फोन पर अश्लील बातें कर परेशान कर रहा था। ऐसे में युवती ने घटना की शिकायत पुसौर थाने में की है। जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 509 (ख), 67 आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुसौर क्षेत्र की एक युवती दिसंबर 2018 में पश्चिम बंगाल एक मेले में गई थी। वहां उसकी मुलाकात समस्तीपुर बिहार निवासी मनमोहन मधुकर से हुई थी। इस दौरान मनमोहन ने युवती का फोन नंबर उसकी सहेलियों से ले लिया था। 26 मार्च 2019 से आरोपी युवती को फोन कर अश्लील बातें करने लगा। वहीं उसको फेसबुक व वाट्सप पर अश्लील फोटो-वीडियो भेज कर परेशान करने लगा। युवती के मना करने के बाद भी आरोपी अपनी करतूतों पर बाज नहीं आ रहा था। इससे तंग आकर उसने घटना की शिकायत पुसौर थाने में की है। जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

बद्रीप्रसाद को जिला कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

न्याय साक्षी/रायगढ़। जिला सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष समाज सेवी भाई महावीर के चाचा एवं नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एम जी रोड निवासी बद्रीप्रसाद के निधन पर गहन शोक व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयंत ठेठवार, पूर्वअध्यक्ष जगदीश मेहर, दीपक पांडेय, नगेन्द्र नेगी, खुशीराम मल्होत्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सन्तोषराय, दिनेश जायसवाल,संतोष अग्रवाल,राजेश भारद्वाज,हरेराम तिवारी,सुशील रामदास,अशरफ खान,संतोष बहिदार,रमेश बंसल सहित समस्त कांग्रेसजनों ने दिवंगत को शोक श्रद्धांजलि दी है।कांग्रेसजनों ने शोकसंतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी मे सहनशक्ति प्रदान करने परमेश्वर से प्रार्थना की है।

धरमजयगढ़ वन क्षेत्र के दर्जनों गांव में दहशत की दस्तक

न्याय साक्षी/रायगढ़। भीषण गर्मी का कहर जहां शहर में लोगों की दिनचर्या प्रभावित कर रहा है, वहीं वन्यप्राणी भी परेशान हैं। खाना-पानी की तलाश में यहां-वहां विचरण करने वाले हाथी भी पानी का स्त्रोत ढूंढने मजबूर हैं। पहाड़ी तथा वन क्षेत्र से लगे जलाशयों समेत आसपास के गांव में पहाड़ी नालों का स्त्रोत फिर गजराजों के झुंड को जलाशयों व गांव के आसपास हाथियों को आने पर मजबूर कर रहा है। इस भीषण गर्मी में आए दिन हाथी प्रभावित क्षेत्रों में हाथियों की चिंघाड़ गूंज रही है। जिससे धरमजयगढ़, छाल, कापू समेत आसपास के दर्जनों गांव के ग्रामीण दहशत में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छाल क्षेत्र में कुछ दिन पहले हाथियों ने एक महिला सहित तीन लोगों को अलग-अलग घटना में मौत के घाट उतार दिया है। वनांचल क्षेत्र में हाथियों और ग्रामीणों के बीच लगातार हो रहे आमने-सामने के कारण ऐसी घटनाएं घट रही है। बताया जा रहा है कि इस घटना के पीछे मूल कारण इन गजराजों के झुंड के पानी के तलाश में इधर-उधर भटकना है।

भीमकाय शरीर होनें के कारण इन हाथियों को बडी मात्रा में भोजन व पानी की जरूरत होती है और खासकर गर्मी के दिनों में जंगल में भोजन कम मिलने और पानी नही मिलने के कारण ये झुंड अब ग्रामीण क्षेत्रों की ओर रूख करने लगे हैं और कभी-कभी गांव के नजदीक तक पहुंच जाते हैं। पिछले दिनों हुए इन हादसों के कारण जिनके घरों में हाथियों के कारण मौतें हुई हैं उन घरों के परिवार सदमे में हैं, वहीं हाथी प्रभावित गांव के ग्रामीणों में भी आक्रोश के साथ भय व्याप्त है। अभी इस बात को 24 घंटे भी नहीं गुजरे थे कि दो दर्जन हाथियों का झुंड धरमजयगढ़ वन क्षेत्र में आ धमका। सबसे पहले यह झुंड कोरबा के जंगलों में देखा गया, इसके बाद यहां-वहां विचरण करते हुए धरमजयगढ़ स्थित जलाशय के समीप देखा गया। हाथियों की आमद गांव के ज्यादा करीब न हो इस बात का ध्यान रखते हुए वन विभाग भी मुस्तैद रहा और पूरे दिन अलग-अलग बीट में विभक्त वन विभाग की टीमें पूरे दिन गश्त करती रही। अपने क्षेत्र में इतने सारे हाथियों का डेरा डालना, जहां ग्रामीणों के लिए भयभीत करने वाला था, वहीं मुख्य मार्ग पर जाने वाले छोटे-बड़े वाहन चालक भी सहमे रहे। इस आम रास्ते का प्रतिदिन बड़ी संख्या में राहगीर इस्तेमाल करते हैं। एकाकी रास्ता होने के बावजूद रायगढ़ व धरमजयगढ़ की ओर जाने के लिए चारपहिया, बाइक सवार के अलावा यात्री बसें भी इससे गुजरते हैं।

दिन भर रह-रहकर वन अमला व ग्रामीणों के नजर में आने के बाद अंधेरा होते-होते हाथी घने जंगल की ओर चले गए। जिसके कारण पूरे क्षेत्र में दहशत का वातावरण अब भी देखा जा रहा है।

जंगल में पानी नहीं, भटक रहा हाथियों का झुंड

शहर के होटलों से विशेष जांच टीम ने 60 से अधिक सैंपल किए जमा

न्याय साक्षी/रायगढ़। छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा होटलों तथा डेयरी संचालकों द्वारा बरती जा रही लापरवाही को लेकर एक जांच टीम बनाई गई है और यह जांच टीम शहर के अलग-अलग होटलों तथा डेयरी संचालकों के दुकानों में जाकर सैंपल इकट्ठा कर रही है, उसके बाद रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित संचालक पर अलग-अलग धाराओं के तहत कार्रवाई की तैयारी कर रही है। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने इस संबंध में बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में दो मोबाईल टीम बनाई गई है जो छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में जाकर होटल में बेचे जाने वाली मिठाईयां तथा डेयरी संचालकों के दुध व अन्य खाद्य पदार्थो के सैंपल लेकर जांच करेगी। उनका कहना है कि यह टीम रायगढ़ जिले में दो दिनों तक रहेगी और सैंपल इकट्ठा करने के बाद गड़बड़ी पाए जाने से कार्रवाई भी करेगी।

सड़क हादसा तीन की मौत, पांच गंभीर

न्याय साक्षी/रायगढ़। छत्तीसगढ़ के जांजगीर में शादी में शामिल होकर लौट रही बारातियों की खुशी उस वक्त मातम में तब्दील हो गई जब बारातियों से भरी बोलेरो हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में दो महिला और एक बच्चे की मौत हो गई। जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गए।

दरअसल, जांजगीर के सोंठी सक्ती के रहने वाले कृषि वैज्ञानिक केडी महंत अपने पूरे परिवार के साथ एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने कुदरी गए हुए थे। शादी समाप्त होने के बाद शनिवार की रात 11 बजे घर की ओर लौट रहे थे। वे भदरी चौकी के पास पहुंचे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार वाहन की बोलेरो से जबरदस्त टक्कर हो गई। दोनों के बीच आमने-सामने हुई टक्कर में बोलेरो में सवार शिवकुमार 60, नेहा महंत 30 और 10 माह का तन्मय की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बोलेरो में सवार किरन महंत, कान्हा महंत, वासू दास, काव्या महंत और शिक्षा महंत को गंभीर चोटें आई। घायलों को रायगढ़ के जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के बाद रात भर मौके पर तनाव का माहौल था। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है।

कुकुरदा के जंगल में भटकता मिला एक दिन का हिरण

न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ वनमंडल अंतर्गत जामगा सर्किल के कुकुरदा के जंगल से पांच दिन पहले मिला बार्किंग डियर (कोटरी) का बच्चा अब पूरी तरस से स्वस्थ है। सेव फारेस्ट की पहल पर इंदिरा विहार के स्टॉफ की देखरेख में उसे रखा गया है। फिलहाल उसे बकरी का दूध पिलाया जा रहा है। इंदिरा विहार के स्टॉफ ने इस कोटरी का नाम पुचपुच रखा है और जल्द ही यह बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी का मेहमान बनेगी।

वन विभाग के मुताबिक बार्किंग डियर यानि कोटरी सेड्यूल थ्री श्रेणी का वन्य प्राणि है, जो कि दुलर्भ प्राणियों की श्रेणी में आता है। कुछ दिन पहले तेंदूपत्ता तोडने के लिए गए कुछ ग्रामीणों ने कुकुरदा क्षेत्र के जंगल में कोटरी के शावक को मां से बिछड़ा हुआ पाया। ग्रामीण उसे आवारा कुत्तों व शिकारियों से बचाने के लिए अपने साथ ले आए और इसकी जानकारी वन अमले की दी। सूचना के 24 घंटे बाद भी जब वन अमला वहां नहीं पहुंचा तो उन्होंने इसकी जानकारी सेव फारेस्ट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल को दी। वह खुद गांव पहुंचे और वन कर्मियों को बुलाकर उसे उनकी सुपुर्दगी में दिलाया। इसके बाद उन्होंने खुद गांव जाकर बकरी के दूध का इंतजाम किया और उसे पिलाया। इससे अब कोटरी का शावक पूरी तरह से स्वस्थ है और इंदिरा विहार के प्रभारी राजेश्वर मिश्रा की निगरानी में है। राजेश्वर मिश्रा ने बताया कि एक दो दिन बाद डीएफओ मनोज पाण्डेय की अनुमति मिलने के बाद उसे कानन पेंडारी छोडने की व्यवस्था

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं तीगत एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं कार्डीनेम बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्हे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480